06 बैग लौटाकर दी ईमानदारी की मिसाल, दिया पुरस्कार



07 आशा कार्यकत्रियों का 13 मांगों को लेकर...




### विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस कोतवाली परिसर में हुआ ध्यान कार्यक्रम का आयोजन

# पुलिस अधीक्षक ने ध्यान को तनावमुक्त व संवेदनशील पुलिसिंग का आधार बताया

## कान्हा शांति वनम, हैदराबाद से वर्चुअल जुड़कर दाजी के मार्गदर्शन में कराया गया सामूहिक मेडिटेशन







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला आगर मालवा पुलिस द्वारा पुलिस कोतवाली परिसर, आगर में ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक रूप से सशक्त, एकाग्र एवं तनावमुक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली परिसर में बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांति वनम, हैदराबाद में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से सीधा जुड़ाव स्थापित किया गया। हैदराबाद में आयोजित इस वैश्विक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति, तेलंगाना के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की महत्ता और भी बढ़ गई।

कान्हा शांति वनम से हार्टफुलनेस के वैश्विक आध्यात्मिक मार्गदर्शक कामलेश डी. पटेल (दाजी) द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। अपने प्रेरक वक्तव्य में दाजी ने कहा कि ध्यान केवल आत्मिक शांति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानवता, करुणा और वैश्विक एकता को जोड़ने वाला सशक्त साधन है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। दाजी के मार्गदर्शन में हार्टफुलनेस पद्धति से सामूहिक मेडिटेशन कराया गया, जिसमें आगर मालवा जिले के सभी थानों ( सोयत, सुसनेर, बड़ौद, कानड़ व नलखेड़ा) से जुड़े पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र के दौरान उपस्थितजनों ने गहरी शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं मानसिक संतुलन का अनुभव किया।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुलिस सेवा अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं तनावपूर्ण कार्य है। ऐसे में ध्यान एवं मेडिटेशन पुलिस कर्मियों की मानसिक दृढ़ता, आत्मसंयम और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करता है। विश्व ध्यान दिवस जैसे आयोजनों से एक सकारात्मक, संवेदनशील और जनहितैषी पुलिस व्यवस्था के निर्माण में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ध्यान को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, शहर के समस्त थानों के थाना प्रभारी, सूबेदार जगदीश यादव, जितेंद्र शुक्ला सहित 100 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्यान कार्यक्रम के समापन पश्चात पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा समस्त विवेचकों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी ली गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर अपराधों, महिला एवं बाल अपराधों, लंबित विवेचनाओं तथा न्यायालयीन प्रकरणों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस



अधीक्षक ने विवेचकों को निर्देशित किया कि विवेचना के प्रत्येक चरण में कानूनी प्रावधानों का पूर्ण पालन, साक्ष्यों का सुदृढ़ संकलन तथा पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जाए, जिससे अपराधियों को समय पर दंड दिलाया जा सके और आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

### माता रानी के दर्शन कर करवाए हवन अनुष्ठान

## मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को दिखाई दिया आस्था का संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को आस्था व विश्वास का संगम दिखाई दे रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो मां के आंगन में भक्तों का मेला लगा हो। इस दिन हजारों भक्त मां के दरबार में पहुंचे।

मंदिर पर रविवार सुबह से ही भक्तों का मेला लग चुका था। प्रातःकाल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थीं। दिन चढने के साथ ही दर्शनार्थियों की कतारें लंबी होती जा रही थीं। दोपहर के समय दर्शनार्थियों की कतारें मार्ग में स्थित नाले तक पहुंच चुकी थी। चहुंओर से भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सिद्धपीठ पर माता भक्तों का मेला लगा हुआ है। दूसरी ओर मंदिर के पीछे व समीप स्थित यज्ञशालाओं से वैदिक मंत्रों की गूंज वातावरण को आध्यात्मिक बना रही थी। दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई भक्तों द्वारा सिद्धपीठ पर अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान भी किए गए। रविवार को दिन में तो हवन अनुष्ठान करने वाले भक्तों को इंतजार भी करना पड़ा।



### एसपी के 'क्वालिटी विजन' को मिली वैश्विक पहचान, एसपी ऑफिस अब आईएसओ प्रमाणित

सीहोर। पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिकता और पारदर्शिता लाने के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रयासों पर अंतरराष्ट्रीय मुहर लग गई है। उनके नेतृत्व में कार्यालय के कायाकल्प और बेहतर नागरिक सुविधाओं के चलते सीहोर एसपी कार्यालय को प्रतिष्ठित आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। आईजी अभय सिंह ने एसपी शुक्ला की मौजूदगी में यह प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी टीम की कार्यकुशलता की सराहना की। आईएसओ प्रमाणन से पूर्व विशेषज्ञ टीम द्वारा एसपी कार्यालय का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया था। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित मानकों की जांच की गई, जिनमें व्यवस्थित अपराधों और अपराधियों से संबंधित फाइलों का डिजिटल व भौतिक रख-रखाव। कार्यालय में आगंतुकों के बैठने की व्यवस्थाए पेयजल और साफ सफाई। आमजन और विभागीय कर्मचारियों की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण। किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित रिस्पांस और प्रभावी नियंत्रण प्रणाली शामिल है।

## सिरफिरे आशिक को उम्रकैद, घर में घुसकर युवती की हत्या, मां पर भी बरसाई थीं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरुंदा नगर की नारायण सिटी में एकतरफा प्रेम ने वह रूप ले लिया, जिसने एक मासूम बेटी की जान ले ली और एक माँ की गोद हमेशा के लिए सूनी कर दी। करीब एक साल पहले घटित इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया था।

अब प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी प्रभु सिंह दायमा को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया है। ग्राम भडकुल निवासी प्रभु सिंह दायमा पिछले दो वर्षों से 18 वर्षीय आरती का पीछा कर रहा था। "तूने मुझे धोखा दिया है, तुझे और तेरे पिता को मार दूंगा" ऐसी धमकियों से पूरा परिवार दहशत में था। वह लगातार फोन कर परेशान करता, धमकाता और बुरी नीयत से उसका शोषण करने की कोशिश करता था। छात्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी की



सनक कम नहीं हुई। 14 जुलाई 2024 की रात करीब 8 बजे, जब घर में सिर्फ मां और उसके तीन बच्चे थे और पिता बाजार गए हुए थे, तभी आरोपी खुले गेट से पिस्तौल लेकर घर में घुस आया। गालियां देते हुए उसने सीधे आरती को जान से मारने की धमकी दी। यह कहते हुए उसने चार राउंड फायर किए, जिनमें से दो गोलियां आरती को लगीं और एक गोली उसकी मां ललिता कीर के सिर में जा लगी। गोली लगते ही आरती जमीन पर गिर पड़ी। उसके शरीर से लगातार खून बह रहा था। मां खुद घायल हालत में बेटी को बचाने के लिए चीखती रही, लेकिन आरोपी छत से कूदकर फरार हो गया। बच्चों ने किसी तरह पिता को सूचना दी। मोहल्ले वालों की मदद से माँ-बेटी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान आरती ने दम तोड़ दिया। विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष ठोस गवाह, वैज्ञानिक साक्ष्य और घटनाक्रम की स्पष्ट कड़ी प्रस्तुत की। कॉल रिकॉर्ड, मेडिकल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी गवाहों ने यह साबित कर दिया कि हत्या पूर्व नियोजित थी और आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी प्रभु सिंह दायमा को हत्या और जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## पाटनी गांव में आग ने छीन लिया सब कुछ, दो भाइयों का आशियाना राख, 25 लाख से ज्यादा का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे लगी भीषण आग ने दो परिवारों की पूरी दुनिया उजाड़ दी। जब पूरा गांव गहरी नींद में डूबा हुआ था, तभी मंजूर खां के पुत्र इकबाल और इरफान के लकड़ी से बने मकानों से उठती आग की लपटों ने सन्नाटे को चीख-पुकार में बदल दिया। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और वर्षों की मेहनत से खड़ा किया गया आशियाना देखते-देखते राख हो गया।

आग लगने के समय दोनों परिवारों के सदस्य घरों में सो रहे थे। ग्रामीणों ने जैसे ही धुआं और आग की लपटें देखीं, शोर मचाकर दोनों भाइयों को जगाया। अफरा-तफरी के बीच परिवार के लोग किसी तरह घरों से बाहर निकलकर अपनी जान बचा पाए। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर के भीतर रखा जीवन भर का सामान आग में स्वाहा हो गया।इकबाल ने रोते हुए बताया कि आग में उनके दस कमरों का मकान पूरी तरह जल गया। घर में रखे करीब पांच लाख रुपये नकद, चार किलो चांदी, छह तोला सोना, फ्रिज, टीवी, कूलर, वाशिंग मशीन, फर्नीचर, कपड़े और बिस्तर सब कुछ खत्म हो गया। इसके साथ ही 40 कट्टी लहसुन, 25 क्विंटल गेहूं, चना, मसूर सहित वर्षों की मेहनत से उगाई गई फसल भी जलकर खाक हो गई। उनका अनुमानित नुकसान करीब 18 लाख रुपये है।

दूसरी ओर इरफान के पांच कमरों का मकान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि आग में 15 हजार रुपये नकद, दो किलो चांदी, दो तोला सोना और घरेलू सामान जल गया। इरफान का नुकसान करीब 8 लाख रुपये आंका गया है। दोनों भाइयों को मिलाकर कुल नुकसान 25 लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो पूरा गांव इसकी चपेट में आ सकता था। घटना की सूचना मिलते ही किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा मौके पर पहुंचे। उनकी प्रेरणा से गांव के लोगों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए जनसहयोग किया। किसी ने 200, किसी ने 500 तो किसी ने 1000 रुपये देकर मदद की।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गेहलोद के निवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**चापडा।** स्व. पुर्व उपसरपंच विक्रम सिंह गेहलोद को श्रद्धांजलि अर्पित करने करणी सेना परिवार इंदौर जिला अध्यक्ष ऋषिराज सिंह सिसोदिया उनके निवास मोखाप्पिल्या पहुंचे जहां पर स्व. गैहलोद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुर्व जनपद सदस्य दुलेसिंह दरबार, भारत सिंह ,समंदर सिंह, सूरज सिंह, देवेंद्र सिंह टिगरिया, बादशाह, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे। इस दौरान जन क्रांति न्याय आंदोलन में विक्रम सिंह गेहलोद की स्मृति में 500 व्यक्तियो की भोजन की व्यवस्था पैकेट के माध्यम से दी गई।

### ग्रैंड फिनाले में रहेगा निःशुल्क प्रवेश

**देवास।** वॉइस ऑफ देवास के प्रथम आयोजन की सफलता के बाद पुनः वॉइस ऑफ देवास सीजन- 2 का तीन दिवसीय आयोजन होने जा रहा है। श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया एवं निर्देशक मुस्कान राठौर ने बताया कि मक्सी रोड स्थित चामुंडा पैलेस, आवास नगर में आयोजित वाइस ऑफ़ देवास का ऑडिशन रविवार से शुरू हुआ, जिसमें प्रदेश भर से आए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा आवाज के माध्यम से दिख रहे हैं। ऑडिशन के दौरान जज भी उपस्थित थे जिसका सेमीफाइनल 24 दिसंबर एवं ग्रैंड फिनाले 25 दिसंबर को होगा। रविवार को हुए आडीशन में लगभग 200 प्रतिभागियो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस संगीत महायुद्ध में प्रसिद्ध गायिका रीमा गांगुली (किशोर कुमार की बहू) एवं मुक्तिका गांगुली (किशोर कुमार की पोती), देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे है। 25 दिसम्बर को होने वालेग्रैंड फिनाले में श्रोताओं की उपस्थिति निःशुल्क रहेगी।

### धर्मांतरण के प्रति प्रेरित करने वाले व्यक्ति को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

# प्रलोभन देकर प्रशासन के खिलाफ भड़काकर क्षेत्र का माहौल करते हैं खराब

### पुलिस ने शिकायत पर जांच की शुरू, पहले भी कई मामले आए हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



उदय नगर क्षेत्र में लगातार धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण ईसाई मिशनरी इस क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रहे है। क्षेत्र में धर्मांतरण के लिए प्रेरित करते हुए कई बार ईसाई मिशनरी के लोगों को पकड़ा गया है। थाने में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद भी प्रशासन मुख्य सरगने तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसका फायदा ईसाई मिशनरी के लोग आज भी उठा रहे हैं। उदय नगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक बार फिर शनिवार को इसी प्रकार का मामला सामने आया जिसमें हिंदू संगठन के सक्रिय लोगों द्वारा धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने वाले व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई है।

जानकारी अनुसार धर्मेंद्र पिता बद्रीलाल मंडलोई निवासी ग्राम पिपरी शनिवार को अपने दोस्त गोरेलाल डाबर से मिलने ग्राम बयडीपूरा पोटला गया था। वहाँ पर देखा कि एक व्यक्ति के घर के बाहर भीड लगी है। कुछ महिला-पुरुष एक कमरे में बैठे हुए थे। जाकर देखा तो एक व्यक्ति लोगों के बीच भाषण दे रहा हैं, वह लोगो को यह समझा रहा है कि सरकार, पुलिस, प्रशासन भष्ट है, चौर है। वो हम आदिवासीयो का शोषण करते है। वहां उपस्थित लोगों के सामने उक्त व्यक्ति ने अपनी पत्नि तथा दो लडकियो को भी खड़ा किया तथा लोगों को कहा कि हमारे पूरे परिवार के ऊपर आपदा आई हुई थी।

घर में खाने, कपडे के भी पैसे नहीं थे। पत्नी बीमार रहती थी तो हमारे बीच एक क्रिश्चन पास्टर आए उन्हाने हमें बताया कि अगर तुम इन सब विपदाओ से दूर होना चाहते हो हो तो ईशु भगवान की शरण में आओ।हमने फिर ईशू भगवान की प्रार्थना करी तो वह ठीक हो गई और अब हम एक नया घर भी बना रहे है। उसके बाद उस आदमी ने एक महिला को भी लोगों के सामने खड़ा किया और बताया कि इसकी लड़की उसके चचेरे भाई के साथ भाग गई थी तो पुलिस ने पैसा लेकर उनको छोड दिया। पुलिस और सरकार चोर है आदिवासियों के विरोधी है जिनसे ईशू भगवान ही बचा सकते है। जब शिकायत कर्ता ने यह सब सुना तो उस व्यक्ति का विरोध किया कि तुम लोगों को सरकार के विरोध में भटकाने का काम मत करो, तो वह व्यक्ति शिकायत कर्ता से झगड़ा करने लगा और वहा उपस्थित लोगों ने भी उसका साथ दिया। उसने मित्र अभिभाषक मुकेश वास्केल को फोन किया। उस समय मुकेश वास्केल एक अन्य अभिभाषक मनोज वर्मा के साथ धाराजी जा रहे थे तथा पीपरी तक आए थे। मैने उन्हे मदद के लिए बुला लिया। उन लोगो के आने के बाद उस आदमी और उसके परिवार ने हमसे झगडा शुरु कर दिया और कहा कि तुम और तुम्हारी सरकार मुझे रोज खाना खिलाओ तो में ईशु भगवान का साथ छोड दूंगा और यह बात नहीं करूंगा और अगर तुम्हारी सरकार मेरे परिवार को खाने पीने की व्यवस्था नहीं करेगी तो मैं इसी प्रकार लोगों को समझता रहूंगा। मुकेश वास्केल ने पुलिस को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। सूचना मिलने पर उदयनगर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दे व 112 डायल मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुलिस से भी दुर्व्यवहार किया और एक महिला को पुलिस के सामने खड़ा कर कहा कि इसकी लड़की को भगाने में पुलिस ने पैसे लेकर मदद की है। अगर उस लड़की को पुलिस वापस लेकर आती है तो मैं इस तरह की बातें आगे नहीं करूंगा। उस महिला ने भी उसका समर्थन किया कि मैं कलेक्टर और बड़े अधिकारी के पास गई थी पर उन्होंने मेरी कोई मदद नहीं की। लोगों को भ्रमित करने वाले व्यक्ति का नाम अमर सिंह पिता पातलिया बारेला है, जो अन्य लोगों के साथ मिलकर भोले भाले आदिवासियों को न केवल हिंदू धर्म के विरुद्ध भड़का रहा है बल्कि उन्हें सरकार व प्रशासन के विरुद्ध भी भड़काकर माहौल बिगड़ने का कार्य कर रहे हैं। थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दे ने बताया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले को जांच में लिया गया है, धर्मांतरण को लेकर कि गई शिकायत सही पाई जाती है तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी की वारदात करने वाला ईनामी आरोपी गिरफ्तार

### दो बड़ी चोरी का हुआ खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीते 05 जून को फरियादी आरिफ ने थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत कालकापुरी देवास में उसकी दुकान से स्क्रेप का सामान, तांबे का तार एवं इलेक्ट्रिक मोटर कुल कीमती लगभग 60,000 रुपये चोरी होने की सूचना थाने पर दी थी ।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन देवास पर अपराध क्रमांक 281/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था एवं 17 जून को फरियादी रोहित के घर से सोने-चांदी की इस्तेमाली जेवरात, भगवान की छोटी मूर्ति, दो लैपटॉप (एक एचपी व एक डेल कंपनी का), दो कैमरे, हाथ घड़ियां, पीतल व तांबे के भगवान के बर्तन तथा नगद राशि चोरी होने की सूचना थाने पर दी थी ।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन देवास पर अपराध क्रमांक 309/2025 धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई । विशेष टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी शाहरुख उर्फ मोटा पिता सलीम मेवाती उम्र 30 वर्ष निवासी अन्नपूर्णा नगर इटावा देवास एवं अरशद उर्फ अदनान पिता अकरम मेवाती उम्र 30 वर्ष निवासी आर.के. होटल के पास शास्त्री नगर देवास को कमला नगर रोड़ बायपास से दोनों इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चांदी की मूर्तियां,चांदी का तवा,पीतल के बर्तन एवं मूर्तियां, चांदी के सिक्के, 02 लैपटॉप, 02 कैमरे,हाथ घड़ियां, 50 किलोग्राम तांबे का तार एवं अन्य सामान कुल मश्रूका कीमत लगभग 6.50 लाख रुपये का जप्त किया गया है।

उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल, सउनि राकेश तिवारी, परवेज़ खान, आरक्षक मातादीन,राहुल परमार, अंतर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### टिमरनी में समाजजनों द्वारा किया गया कवि सेन का सम्मान



**देवास।** टिमरनी-हरदा में विगत दिवस विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिव मंदिर परिसर में रामलीला के सात दिवसीय मंचन के उपरांत आठवें दिन लोकप्रिय हास्य व्यंग्यकार एवं मौलिक राष्ट्रवादी कवि मुकेश शांडिल्य के संयोजन में समस्त नगरवासियों द्वारा रखे गए कवि सम्मेलन का संचालन विदिशा के हास्य व्यंग्य कवि संतोष सागर ने किया । चिरमिरी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कवि नरेंद्र मिश्र धडक़न, वीररस के कवि सुरेश सौरभ पन्ना, बाबू घायल गीतेश्वर आष्टा, हास्य के युवा कवि विजय विचित्र सतवास, हास्य कवि डालचंद मनमोजी ब्यावरा, कवयित्री रानू जूही जबलपुर आदि कवि आमंत्रित थे। कवि सम्मेलन से पूर्व यू लाइक पैलेस पर सेन समाजजनों द्वारा देवास के प्रसिद्ध ओजस्वी कवि एवं पत्रकार जगदीश सेन का रामलला की प्रतिमा के समक्ष सम्मानित किया गया । कवि सेन को साफा बांध, शाल ओढ़ाकर, मिठाई खिलाते हुए सम्मानित किए जाने के अवसर पर टिमरनी सेन समाज के सर्वश्री रामदास रामा देवड़ा, राहुल सेन, संतोष सेन, जगदीश सेन, रमन सेन, राजू सेन, सुमित सेन, शुभम सेन राजू सेन, गोलू सेन आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा का बदला नाम, विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में रविवार को कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में धरना आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के चरणों में बैठकर शांतिपूर्ण धरना दिया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलना एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। पार्टी का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य देश के एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी के नाम और उनके मूल्यों को धीरे-धीरे हटाना है। कांग्रेस ने इसे महात्मा गांधी की विचारधारा और योगदान का अपमान बताया।धरने के दौरान कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता को काम का कानूनी अधिकार देने वाला कानून है। पार्टी का आरोप है कि नाम परिवर्तन के जरिए केंद्र सरकार इस अधिकार को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इसी के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।इस मौके पर कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में पूजनीय हैं। उनके नाम से जुड़ी योजना का नाम बदलना कोई विकासात्मक या क्रांतिकारी कदम नहीं कहा जा सकता।चौधरी ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी भी धर्म या नाम से आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं राम भक्त हैं और 'राम' के नाम पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि यदि वह किसी नई योजना की शुरुआत करती और उसका नाम रखती, तो यह अधिक उचित और सम्मानजनक होता। उन्होंने कहा कि पहले से चल रही महात्मा गांधी के नाम वाली योजना का नाम बदलना अनावश्यक विवाद को जन्म देने वाला कदम है।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# भौरासा के बस स्टैंड पर पलट भेरू महाराज के दरबार में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के बस स्टैंड स्थित पलट भैरू महाराज के ओटले पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार शाम बस स्टैंड पर ढोलक मजीरा की आवाज सुनरुक सुंदरकांड का पाठ का सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने आनंद लिया, जिसमें भजन मंडली के भजन गायक मनोज राठौर व भजन गायक हर्ष पालीवाल व उनकी टीम द्वारा सुंदरकांड किया गया।सुंदरकांड में ,,,,जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहूं लोक उजागर,,,, के साथ सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी दी जा रही थी। जहां संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन में सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। सुंदरकांड के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ और लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात भक्तों द्वारा पलट भेरू महाराज के ओटला निर्माण एवं टीन शेड के लिए अपनी-अपनी स्वेच्छा अनुसार दान राशि दी गई। इस अवसर पर जमनालाल लोधी, मनोज राठौर,मोहनलाल मिस्त्री, रमेश माली पटवारी, राजेंद्र यादव, कमलेश नामदेव, राजा राठौर, मांगीलाल माली होटल, राजेंद्र पालीवाल, बालाजी राव ,तेजू बारोड, पप्पू विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, मौसम माली, निखिल राठौर, अशोक लोधी अन्ना, प्रमोद नागर,विनायक माली लक्की बाबा, चेतन राठौर ने सहयोग प्रदान किया।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर रोड स्थित पुलिस सहायता केंद्र के सामने रविवार देर शाम को दो बाईकों में भिडंत हो गई जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, तीन अन्य घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर चापड़ा से इंदौर की ओर जा रहे थे, इस दौरान मां वैष्णो ढाबा से श्याम नगर निवासी तरुण नरवरिया अपने घर के लिए आ रहा था। तभी पुलिस सहायता केंद्र के सामने गड्ढा बचाने के प्रयास में दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीन घायल हुए। सूचना मिलते ही पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मृतक युवक के शव को शासकीय अस्पताल स्वयं की गाड़ी से बागली भेजा गया। थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि एक युवक की पहचान तरुण नरवरिया के रूप में हुई है जो की श्याम नगर निवासी है, एवं तीन युवकों के नाम की पहचान नहीं हो पाई है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। दो का शासकीय अस्पताल बागली में उपचार चल रहा है। तरुण को निजी अस्पताल ले जाया गया है। घटनास्थल पर दोनों बाईक की हालत देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया क्योंकि टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुनील पुरोहित, संजय धनगर आदि ने बताया कि साई मंदिर से लेकर इकलेरा फाटे तक के मार्ग पर एक तरफ खतरनाक गड्ढे होने के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं, जिम्मेदार एनएचआई विभाग एवं मेंटेनेंस करने वाली श्री जी कंपनी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होकर प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए।

### विश्व ध्यान दिवस पर मध्य प्रदेश पुलिस की अभिनव पहल

# जिले के थानों में साप्ताहिक हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


डीजीपी कैलाश मकवाना, एडीजीपी ट्रेनिंग राजाबाबू सिंह एवं आईजी प्रशासन रुचिवर्धन मिश्र द्वारा मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में पुलिस जवानों को तनामुक्त करने, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने,कार्य क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से "विश्व ध्यान दिवस" के अवसर पर समस्त थानों में साप्ताहिक ध्यान शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

उक्त निर्देशों के क्रम में एसपी पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में रविवार को "विश्व ध्यान दिवस" के अवसर पर जिले के समस्त 24 थानों एवं 08 पुलिस चौकियों (पुलिस लाइन सहित) में साप्ताहिक ध्यान की शुरुआत की गई,कार्यक्रम जूम लिंक के माध्यम से पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेश संस्था कान्हा शांति वनम हैदराबाद (तेलंगाना ) से लाइव प्रसारित किया गया ।

सम्पूर्ण जिले के थानों/चौकियों में 800 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर ध्यान किया। हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्वभर में विश्व ध्यान दिवस मनाया जाता है,जो मानव जीवन में मानसिक शांति, आत्म-जागरूकता और ध्यान की प्राचीन परंपराओं को सम्मानित करता है।

यह दिन न केवल ध्यान के लाभों को उजागर करता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान केंद्रित करना है।मध्य प्रदेश पुलिस ने विश्व ध्यान दिवस 2025 के अवसर पर अपने सभी थानों में साप्ताहिक ध्यान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना है। पुलिस लाईन में अयोजित कार्यक्रम में एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया, एएसपी हरनारायण बाथम, डीएसपी संजय शर्मा, आरआई रणजीत सिंह ठाकुर, जिला स्तरीय हार्टफेलनेश टीम, होमगार्ड, एसएएफ, ग्रीन आर्मी एवं पुलिस परिजन उपस्थित रहे।

# बैग लौटाकर दी ईमानदारी की मिसाल, दिया पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम मोखाप्पिल्या के रोजगार सहायक सचिव मोहन जाट अपने पंचायती कार्य के लिए चापडा आ रहे थे, जिनके पास एक बैग रखा हुआ था जिसमें पंचायती कागज एवं नगद राशि रखी हुई थी। मोखाप्पिल्या अमरपुरा के बीच गड्डो के कारण पंजाबी ढाबे के पास बैग की बद्दी टूट गई,जिस कारण वह गिर गया। बैग गिरने की भनक मोहन जाट को नहीं लगी, जब पता चला तो वह वापस बैग ढूंढ ने गए तो नहीं मिला। आस पास भी पूछताछ की लेकिन बैग की जानकारी नहीं लगी। बैंग में 45000/- रु नगद व ओरिजनल दस्तावेज, व कुछ कीमती सामान रखा हुआ था। बैग गिरने कि जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की गईं। थाना प्रभारी कमालपुर व चौकी प्रभारी चापडा को सूचना दी गई। करीब दो घंटे बाद अशोक सेंधव बैडमऊ ने जैसे ही ग्रुप पर संदेश देखा, बैग किसका है पता चलने पर तुरंत ईमानदारी कि मिसाल देते हुए मोहन जाट को कॉल कर बैग मिलने की सूचना दी और चापडा पुलिस चौकी पर पुलिस जवानों कि उपस्थिति में बैग जाट को सुपुर्द किया। अशोक सेंधव की इस ईमानदारी की सराहना करते हुए मोहन जाट ने अशोक सेंधव को इनाम के रूप में 5000 नगद पुरस्कार पुलिस कि उपस्थित में दिया।

## खबर संक्षेप

### रंजिश में महिला को पीटा, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। पुरानी रंजिश के चलते महिला को गालियां देकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरा में रहने वाली रामरती पत्नी हरगोविन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ौस के गौरीशंकर, प्रमोद उर्फ भूरा, गजेन्द्र पुत्र छक्कीलाल के साथ महरौनी के इन्द्रा चौराहा निवासी अन्य व्यक्ति कमलेश ने पुरानी रंजिश के चलते बीते शनिवार को उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त व्यक्ति आपराधिक किस्म का है और आये दिन उसे डराता-धमकाता रहता है, जिससे उसका अब घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस हमले में उसे बचाने आयी पुत्री के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भवन निर्माण में नईं दीवारें तोड़ने का आरोप

**ललितपुर**। अपनी जमीन पर भवन निर्माण के दौरान पड़ौसियों पर दीवाल तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। सौजना थानाक्षेत्र के ग्राम जगारा निवासी धनीराम पुत्र झुतरे यादव ने पुलिस को अवगत कराया कि वह अपनी जमीन पर मकान का नया निर्माण कर रहा है। जिसके नींव-पिलर के बाद उसने अपनी दीवाल बनवायी थी। उक्त दीवाल को गांव के वीरसिहं यादव पुत्र सीताराम, नरेन्द्र यादव पुत्र वृंदावन, शिमला पत्नी जगदीश यादव, गुडडी यादव पत्नी जगतराम यादव ने एकराय होकर तोड़ दिया। शनिवार को 11.30 बजे दीवालों को तोड़ रहे लोगों को जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग गये। इसके अलावा यह भी आरोप है कि भवन निर्माण का कार्य कर रहे कारीगर व लेवर को भी उक्त लोगों ने ललकारा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अकेली महिला को घर में घुसकर पकड़ा

**ललितपुर**। शादी समारोह में शामिल होने गये युवक की घर में अकेली पत्नी को पाकर पड़ौस में रहने वाले युवक ने जबरन घर में घुसकर अश्लीलता की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना पूराकलां क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 4 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह ग्राम भुचेरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। जबकि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी पड़ौस में रहने वाले ब्रगभान पुत्र अच्छे कुशवाहा ने जबरन घर में घुसकर उसकी पत्नी से अश्लीलता करते हुये बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। जब उसकी पत्नी चिल्लायी तो उसकी आवाज सुनकर शादी समारोह से लौटते समय गली में पहुंचते ही पीड़ित ने सुनी और घर में पहुंच कर ब्रगभान को ललकारा। आरोप है कि ब्रगभान उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आंगनबाड़ी भवनों की पुताई के लिए राशि जारी

**विदिशा**। आंगनबाड़ी केंद्रों की रंगाई-पुताई एवं रख-रखाव हेतु राशि जारी की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 3 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि 776 आंगनबाड़ी भवनों में कार्य कराया जाएगा। राशि उन भवनों के लिए है जिनका निर्माण तीन वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है।

### सर्वाधिक ऑपरेशन पर डॉ. साहू सम्मानित

**विदिशा**। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग द्वारा कोरोना काल 2021-22 में 297 सफल ऑपरेशन करने पर एनएचएम से सम्मान मिला है। वर्ष 2022-23 में 476 निःशुल्क ऑपरेशन पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र दिया है। इन प्रयासों से डॉ. राकेश साहू को भोपाल संभाग में द्वितीय सर्वाधिक ऑपरेशन का सम्मान मिला।

## उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

# अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देंगे व्यापारी: मयूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक स्थानीय होटल में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत व सक्रिय करने तथा समस्याओं पर विचार विमर्श किया। बैठक में नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन के साथ स्वकर समाधान में योगदान देने पर मुन्नालाल, पार्षद आलोक मयूर, शैलेन्द्र जैन एड. को भी शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में मड़ावरा, महरौनी, बानपुर, गुढ़ा, नारहट, आदि क्षेत्रों से आए हुए पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए समाधान कराए जाने की मांग की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाए करने का संकल्प लिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर की जनता ने जिस तरह मुझे अपना आशीर्वाद दिया है उसमें व्यापारी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। वह सदैव व्यापारी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगी। नेताओं ने व्यापारी समाज का आवाहन करते हुए कहा कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुएं ही बेचेंगे। वक्ताओं ने कहा कि जो विदेशी ताकतें अपने देश की वस्तुओं के बल पर हमारे देश को आंखें दिखाने का काम करते हैं अथवा ब्लैकमेल करते हैं। उस देश की वस्तुओं को न बेचकर स्वदेशी को बढ़ावा देंगे।

### व्यापार मंडल ही समस्या के समाधान के लिए सशक्त माध्यम

व्यापारी नेताओं ने कहा कि व्यापारियों के लिए व्यापार मंडल ही उनकी समस्या के समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम है। जिसके द्वारा वह अपनी समस्या का समाधान शासन ,प्रशासन से करते हैं। उन्होंने कहा कि जो संगठन संख्या के आधार पर बड़ा होगा और उसमें संघर्ष करने की क्षमता अधिक होगी। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा संपत्ति कर/स्वकर के संबंध में गजट नोटिफिकेशन करा लिया है। व्यापारी अथवा इंटर तक के विद्यालय, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए सभी डॉक्टर क्लीनिक वर्ष 2025- 26 का अथवा उसके बाद का टैक्स एक एवं दो, तीन गुना के आधार पर ही जमा करें। 5 गुणा का स्लैब समाप्त हो गया है। इसको जमा करने में किसी को कोई समस्या हो तो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अथवा व्यापार मंडल से संपर्क करें। बैठक में महेंद्र मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज बिरधा, नवीन सिंघई, अशोक जैन, लखन अग्रवाल, अनिल अंचल, संजीव जैन, मुकेश जैन, नीतीश जैन, सतीश जैन, राजीव सुडेले, युवा नगर अध्यक्ष मज्जू सोनी, राहुल मोदी, लायन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ, अभय जैन एड., सुरेंद्र, सुनील, प्रदीप, अरविंद जैन, सत्येंद्र जैन एड., रामप्रकाश साहू, अरविंद, वीरेंद्र जैन, आनंद जैन, गजेंद्र जैन, सुमत जैन, रिक्की, बृजेश रावत, विजय, प्रसन्न, शोभित समैया, सनत जैन, पवन जैन, बृजेंद्र साहू, श्रेयांश जैन, रिंकू सतभैया, सुनील जैन, अंकित सतभैया के अलावा अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## ठंड ने बढ़ाई परेशानी

# कोहरे के कारण घंटों देरी से चल रही ट्रेनें

**ललितपुर**। घने कोहरे के कारण रविवार को कई ट्रेनें घंटों देरी से ललितपुर स्टेशन पहुंची। वहीं ललितपुर में दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। अप रूट की लगभग 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही थीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे की देरी से चल रही है। यह ट्रेन सुबह 11:35 बजे के बजाय दोपहर 3:03 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंचने की संभावना है। इसी तरह, शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी एक घंटे देरी से चल रही है, जिसका ललितपुर पहुंचने का अनुमानित समय सुबह 11:42 बजे की जगह दोपहर 12.43 बजे है। सबसे अधिक देरी से चलने वाली ट्रेनों में प्रयागराज से अंबेडकर की ओर जाने वाली अंबेडकर एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन शनिवार रात 11:40 बजे के निर्धारित समय से लगभग 12 घंटे की देरी से रविवार सुबह 11:45 बजे ललितपुर पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली गीता जयंती एक्सप्रेस भी सुबह 4 बजे के बजाय 7 घंटे की देरी से सुबह 10:30 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंची। अन्य प्रभावित ट्रेनों में पुष्पक एक्सप्रेस (दो घंटे देरी), जम्मू से इंदौर जाने वाली मालवा सुपरफास्ट (6 घंटे देरी से सुबह 10:15 बजे पहुंची), दक्षिण एक्सप्रेस (साढ़े चार घंटे देरी से 10:45 बजे पहुंची) और पठानकोट एक्सप्रेस (5 घंटे देरी) शामिल हैं। झांसी-ललितपुर मेमो ट्रेन भी दो घंटे देरी से पहुंची। ट्रेनों के लगातार लेट होने से यात्रियों को स्टेशनों पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, जिससे उनकी यात्रा योजनाओं में बाधा आई।

### कोचिंग गईं नाबालिग लड़कियां लापता

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को अवगत कराया कि उसकी चौदह वर्षीय पुत्री गोविन्द सागर बांध के पास स्थित केजे कोचिंग क्लासेस में पढ़ने के लिए गयी थी। शनिवार शाम 5 बजे कोचिंग जाने के बाद वह नहीं लौटी। पीड़िता ने कोचिंग जाकर पता चला तो उसकी पुत्री कोचिंग करके घर जा चुकी थी, उसके बाद भी पता नहीं चला। परिजनों, रिश्तेदारों व पुत्री की सहेलियों से भी जानकारी की तो पता नहीं चला। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं महरौनी के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी 15 वर्ष की नाबालिग पुत्री ट्यूशन पढ़ने सहेलियों के साथ घर से निकली थी, उसके बाद से पुत्री का पता नहीं चला। पुलिस ने सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई कार्रवाई

# प्रोजेक्ट नई किरण ने परिवार का कराया पुनर्मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 1 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 1 परिवार खुशी-खुशी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 5 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डॉ.दीपक चौबे, सुभाष जैन, डॉ एस पी पाठक, डॉ जनक किशोरी शर्मा, अरमान अजीज कुरैशी, नई किरण में महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन व महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विद्युत चेकिंग अभियान में गई थी विभागीय टीम

# विद्युत चेकिंग करने गई टीम पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

विद्युत चेकिंग अभियान में गयी विभागीय टीम पर जानलेवा हमला किया गया। गाली-गलौज, मारपीट और पथराव किया गया। अवर अभियंता के खिलाफ दर्ज करायी गयी शिकायत में पुलिस ने कई लोगों को नामजद किया है। 66/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र तालबेहट में तैनात अवर अभियंता इंजी.किशन कुमार शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी तालबेहट को तहरीर दी है। बताया कि वह शासन के आदेश व उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बीती 12 दिसम्बर को संविदा कर्मी पंकज यादव, शंकर सिंह, सुनील कुशवाहा, अनिल कुमार, विनोद प्रजापति के साथ ग्राम रामपुर के मजरा बड़ाहार में विद्युत चेकिंग अभियान के लिए गया हुआ था। चेकिंग के दौरान गांव के विभिन्न लोगों में शिशुपाल यादव पुत्र अनेक यादव, नीरज यादव पुत्र फूलसिंह, फूलसिंह पुत्र शिवराम यादव, भरत यादव पुत्र तोरन सिंह, रामरतन पुत्र शिवराम, बृजेन्द्र पुत्र सेनपाल, रामराजा पुत्र बृजपाल ठाकुर के द्वारा चेकिंग करने से मना किया गया एवं हमारी टीम पर पथराव किया और जान से मारने की धमकी दी गयी। अवर अभियंता ने बताया कि वह किसी प्रकार जान बचाकर वहां से भाग निकले, जिससे सरकारी कार्य में भी बाधा पहुंची। तालबेहट पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद में मारपीट करने का आरोप

तालबेहट कोतवाली अंतर्गत ग्राम वर्मा निवासी पुष्पा पत्नी राजकुमार अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को अपराह्न 12.30 बजे वह अपनी दुकान पर थी। तभी जमीनी विवाद को लेकर ग्राम झरर निवासी सन्तोष अहिरवार पुत्र बारेलाल, अजय अहिरवार व सुखदेव अहिरवार पुत्रगण संतोष व सुनौरी के मजरा खेरो निवासी संतोष का साला ने उसे व उसकी पति राजकुमार, सास सरोज पत्नी लखन व ससुर लखन अरिहवार के साथ लाठियों से मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पूर्व से ही खाने को लेकर छात्र आक्रोश में

# मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के छात्रों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

ग्राम अमरपुर स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों ने रात में हंगामा किया। किसी बात को लेकर हुए इस प्रदर्शन के बाद मेडिकल प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि सीनियर छात्र कैंटीन में कैंटीन में खाने को लेकर शिकायत करते आ रहे हैं और जब वह ऑनलाइन खाना मांगते हैं तो गेट पर खाना लेकर आने वाले को गेट पर ही रोक दिया जाता है इसी बात को लेकर मेडिकल छात्रों में पहले से ही आक्रोश पनप रहा था खानेके अलावा भी कुछ अन्य मुद्दों को लेकर नहीं भी आक्रोशित थे। शुरुआत में कॉलेज के केयर टेकर और अन्य स्टाफ ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र नहीं माने। तब आलाधिकारियों ने छात्रों से बात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद फिलहाल छात्र शांत हुए है जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ अभद्रता की थी। इस मामले में जूनियर छात्रों की शिकायत पर मेडिकल प्रशासन ने 20 छात्रों और 12 छात्राओं सहित कुल 32 सीनियर छात्रों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की थी। कॉलेज में कुछ समय से जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने बताया कि यह एक विभागीय मामला है। उन्होंने पुष्टि की कि हंगामा कर रहे छात्रों को समझा दिया गया था।

# आशा कार्यकत्रियों का 13 मांगों को लेकर आंदोलन, ज्ञापन दिया



**ललितपुर** । उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने 13 सूत्री मांगों को लेकर जिला का जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा जिसमें उन्होंने मांग की की की संगठन 13 दिसंबर से संपूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रत्येक जिले और तहसील स्तर पर आशा कार्यकत्रिय अनशन पर चलकर अपने कार्य से विमुख है जिससे आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले किए जाने वाला कार्य पूर्णतया बंद है ऐसी स्थिति में उनकी 13 मांगे पूर्ण करने का निवेदन किया है अन्यथा की स्थिति में विधानसभा घेराव के लिए भी संगठन ने सरकार को सूचित किया आशा कार्यकत्रियों कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष आशा यादव के साथ आशा चौबे सरोज राजपूत सुषमा राजा नीतू रानी सविता नीलम अनीता राजकुमारी नीलम तबस्सुम राजकुमारी सरिता रेखा आरती ज्योति भानुमति भानुमति नीतू संगिनी माखन देवी माखन देवी राजा बेटी शिरोमणि द्रोपती ललिता रानी के साथ कम्पनी बाग से पदयात्रा करती हुई पर पहुंची।

## दो मोटरसाइकिल भिड़ंत का मामला

# कोर्ट के हस्तक्षेप करने पर सड़क दुर्घटना का मामला किया दर्ज

### गर्भवती महिला को चोटें आईं थी, उसके पिता का हाथ टूट गया था

**ललितपुर**। थाना तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी मनोज पुत्र कैलाश ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि बीती 23 अगस्त को शाम करीब 5 बजे उसके पिता कैलाश पुत्र घंसू, सेरवास निवासी साधना पत्नी रामसेवक को तेरई फाटक से इलाज कराके उसके घर छोड़ने जा रहे थे। भतीजे की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.के.1337 से जा रहे थे, तभी शहजाद रोड बाबरी मंदिर पुलिया के पास सामने आ रही बुलट मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.जे. 3171 के चालक थाना बार के ग्राम बरौदा डांग निवासी करन पुत्र रमेश ने तेजी व लापरवाही से पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। तभी पीछे चल रहे बाइक सवार एम.पी.15 एम.एल. 7421 से संतोष पुत्र आशाराम व बालकिशन पुत्र श्यामलाल ने उन्हें उठाया और साधना जो कि पांच माह की गर्भवती हैं को चोटें आयीं। वहीं उसके पिता का हाथ टूट गया। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह तत्समय शिकायत दर्ज नहीं करा सका। 8 सितम्बर 2025 को थाना तालबेहट में शिकायत की गयी, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। 11 सितम्बर को घटना की जानकारी एसपी को दी गयी, कार्यवाही नहीं हुयी तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज की।

# राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं का समाधान वेबसाइट से होगा

**ललितपुर**। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि जिले के सभी राशन कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि खाद्य तथा रसद विभाग की विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेने पर आम जनमानस हेतु राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं यथा राशनकार्ड विभाजन हेतु आवेदन, यूनिट स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशनकार्ड स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशनकार्ड समर्पण हेतु आवेदन, यूनिट निरस्तीकरण हेतु आवेदन तथा मृत्यु की दशा में राशनकार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन उपलब्ध करायी गयी है, जिनके माध्यम से आवेदक अपने राशनकार्ड से सम्बन्धित इन सेवाओं हेतु अपने राशनकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन के पश्चात आवेदन कर सकेंगे।

इन सुविधाओं हेतु अब राशनकार्ड धारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधाओं हेतु स्वयं आवेदन कर सकेंगे तथा इनके आवेदन सक्षम प्राधिकारियों के लॉगिन पर स्वयं प्रदर्शित हो जाएंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिन के भीतर निस्तारित किया जाएगा।

## जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गोशाला का निरीक्षण किया

# एसडीएम व सीवीओ को दिए निर्देश, गोवंशों का रखें ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील महरौनी में बानपुर रोड स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गोशाला के संचालन, प्रबंधन व गोवंशों के रखरखाव का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें गोशाला में भोजन, पानी, प्रकाश, सफाई सहित गोवंशों के रखरखाव की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गईं। अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर गौवंश की देखरेख हेतु 01 सुपरवाईजर, 01 पैरावेट एवं 05 कर्मचारी नियुक्त है, साथ ही गोवंशों हेतु संचालित गोभोग वाहन द्वारा घर-घर जाकर निःशुल्क रोटियां ली जा रही हैं।



गोशाला में कुल 332 पशु संरक्षित हैं, सभी की टैगिंग व टीकाकरण कराया गया है तथा 190 का बधियाकरण कराया गया है। इस दौरान एक भी पशु मृत नहीं पाया गया। गोशाला में 135 कु. भूसा व 38 कु. चोकर उपलब्ध है। गोवंश को शर्दी से बचाने के लिए शेड के चारो तरफ तरपाल लगाई गई है और 04 स्थलों पर अलाव भी जलाये जा रहे हैं। निरीक्षण में प्रकाश, पेयजल और सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। डीएम ने निर्देश दिये कि शीतलहर की स्थिति में सभी गोशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए, स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। बीमार गौवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठण्ड से बचाव हेतु पर्याप्त तरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गोशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गोवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। इस दौरान एसडीएम महरौनी रजनीश कुमार, ईओ महरौनी साक्षी साहू व अन्य मौजूद रहे।

'पीढ़ियों को जोड़ता सम्मान' मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष आयोजन

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार कटीबद्ध : वीरेंद्र कुमार

## मंत्री ने बुजुर्गों व बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अंतर पीढ़ीगत संबंधों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल हॉल में उत्सव के रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड प्रस्तुति से हुई। मंच पर दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, लघु नाटिका एवं मालवा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। लघु नाटिका में बच्चों और उनके दादा-दादी व नाना-नानी के आत्मीय संबंधों को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

### मंत्री ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स के बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनकी मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत लगाए गए शिविर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, केवायसी शिविर तथा जिला आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे निःशुल्क दवा वितरण का भी निरीक्षण किया गया। मंच से संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने कहा कि माता-पिता से आशीर्वाद लेना हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से चला आ रहा है। यही संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन स्थानों पर अनुदान (ग्रांट-इन-एड) प्रदान किया जाएगा, जहां वृद्धाश्रम उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार द्वारा ने बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन भी किया। वॉकाथॉन में महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बनाई गई रंगोली की मंत्री कुमार ने सराहना की।

### शासकीय कार्यक्रम में नहीं लिखा नगर की प्रथम महिला का नाम

केंद्रीय मंत्री, सांसद और जिले के दो मंत्रियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाहा का नाम कार्ड पर नहीं लिखा गया। कार्यक्रम को लेकर बाकायदा आमंत्रण पत्र छपवाए गए थे जिसमें केंद्रीय एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, संसद, जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी के नाम कार्ड में लिखे गए थे किंतु नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुशवाहा का नाम कार्ड में नहीं होने से यह जन चर्चा का विषय बना रहा।



### मंत्री के इंतजार में 1 घंटे तक खड़ी रहीं शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं

हैरत की बात यह है कि मंत्रीजी के स्वागत के लिए शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं व स्टॉफ स्कूल के बाहर एक घंटे से ज्यादा खड़े रहे। इसके बारे में जब कन्या स्कूल के प्राचार्य नाथूसिंह सिकरवार से पूछा गया तो उन्होने सरकारी कार्यक्रम होने का हवाला दिया और छात्राओं और स्टॉफ का बाहर खडा होना और स्वागत करना उचित बताया। प्रश्न यह है किसने ड्यूटी छोड़कर स्वागत करने व छात्राओं को खडा करने का आदेश दिया था इस पर प्राचार्य चुप्पी साध गए।

दुग्ध समृद्धि को लेकर पशु पालकों से विस्तार से की चर्चा

# कलेक्टर ने तबेले में बैठ पशु पालकों के साथ किया सीधा संवाद



**राजगढ़।** जिले में पशुपालन एवं पशुपालकों की समृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने गत दिवस खजुरिया गांव पहुंचकर स्वयं पशुओं के तबेले में बैठकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया। जिले के मुखिया को अपने बीच पाकर पशुपालक काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने खुलकर अपनी बातें एवं समस्याएं उनके सम्मुख रखीं।

इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृत्रिम गर्भाधान, डी-वर्मिंग, दुग्ध उत्पादन की स्थिति, दुधारू पशुओं को दिए जाने वाले आहार, दूध की बिक्री, औसत फैट प्रतिशत तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के सफलता प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पाशुपालकों को प्रोत्साहित किया और पशुपालन को लाभकारी बनाने पर जोर दिया। पाशुपालकों द्वारा नकली दूध की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आश्वासन दिया कि नकली दूध बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने डीडी वेटरनरी को पशुपालकों को समय पर तकनीकी सहयोग, उपचार और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### समृद्धि अभियान को लेकर चर्चा की

जिले में चल रहे दुग्ध समृद्धि अभियान-2 के बारे में उपस्थित पशुपालकों से चर्चा की गयी। पशुपालक मुकेश दांगी पिता के समक्ष सर्वेयर नरेन्द्र चैहान पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा अभियान के बारे पशुपालकों को बताया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम खजूरिया में उपस्थित पशुपालकों से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के बारे में चर्चा की एवं संबंधित सर्वेयर के कार्यों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर डीडी वेटनरी परवीन दीक्षित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध मदिरा के निर्माण व विक्रय पर कार्रवाई की

**जीरापुर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जीरापुर वृत्त प्रभारी अंकित चैहान के द्वारा सामुहिक क्षेत्र गश्त कि गई गश्त दौरान खिलचीपुर क्षेत्र के सोमवारिया, बरूखेडी, ग्राम अगरिया, देवलिया खेड़ी, बाडगाव, गोपालपुरा, शिवगढ़,सेमली, पीपलयाकुलमी,गादिया, माचलपुर में संदिग्ध 11 स्थल पर दबिश देकर 85 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1.8 बल्क लीटर राजस्थानी देशी मदिरा जप्त कि गई।जिसका अनुमानित मूल्य 17600 रूपये है। जिसे विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया । आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 07 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत एवं आबकारी आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक दिव्यांशी गौर, राशिका साहू , गौतम लोधी का विशेष योगदान रहा।

शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग का असर

# जिले के 619 प्राथमिक शिक्षकों के प्रथम क्रमोन्नति आदेश जारी

**राजगढ़।** विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा समय-समय पर की जा रही मांग के बाद जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी होना शुरू हो चुके हैं। डीईओ कार्यालय ने गत दिवस विभागीय पदोन्नति/क्रमोन्नति समिति योग्य पाए गए 619 प्राथमिक शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से 12 वर्ष की निरंतर सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत उक्त सभी 619 शिक्षक जिले के विभिन्न विकासखंडों की प्राथमिक शालाओं में पदस्थ हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग के बाद क्रमोन्नति आदेश जारी हुए हैं।

### माध्यमिक शिक्षकों की प्रक्रिया अधर में

शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी करना भलेही शुरू कर दिए हों लेकिन 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके किसी भी माध्यमिक शिक्षक की क्रमोन्नति जिले में अभी तक नहीं हो पाई है। दरअसल, उक्त संबंध में गठित समिति द्वारा माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति प्रस्ताव संयुक्त संचालक कार्यालय को भिजवाए जाते हैं। वहां से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही संबंधित माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश जारी होते हैं। लेकिन, माध्यमिक शिक्षकों की यह प्रक्रिया अभी तक अटकी हुई है। बहरहाल, जिन प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश विभाग ने जारी कर दिए हैं, उनमें हर्ष की लहर देखी जा रही है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति पर भी जल्द से जल्द अनुकूल कार्यवाही की जाए।

# लाइनमैन की लापरवाही से सिंचाई बिजली सप्लाई बंद

## ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लाखाखेड़ी में सिंचाई विद्युत आपूर्ति पिछले पांच दिनों से बंद रहने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में शनिवार को भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई लाखाखेड़ी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे (एसडीएम) सारंगपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित लाइनमैन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम लाखाखेड़ी में पदस्थ लाइनमैन की लापरवाही के कारण किसानों को समय पर सिंचाई हेतु विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्रिड कर्मचारी व जेई से संपर्क किया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बताया गया कि वर्तमान में लाइनमैन द्वारा सहायक असिस्टेंट के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, जिससे विद्युत सप्लाई की जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई जा रही। ग्रामीणों ने कहा कि सिंचाई बिजली बंद रहने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है और किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में उक्त मामले की गंभीरता से



जांच कर दोषी लाइनमैन को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं नियमित रूप से सिंचाई विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो। ज्ञापन देने वालों में दुर्गाप्रसाद, नारायण पंवार, भगवत सिंह, एलम सिंह, घनश्याम, जितेंद्र सहित अन्य किसान मौजूद थे।

# बेदखली की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर




नगर के स्टेट हाईवे की बेशकीमती शासकीय जमीन पर सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण करने का कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही के बेदखली की कार्रवाई की गई थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी रामगोपाल सत्यनारायण ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है। अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। अतिक्रमण ना हटाने का कारण कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग से जुड़ने का है जिससे दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी। जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका कुशंका को जन्मदेता है। अधिकारियों को इस और ठीक से ध्यान देकर अपनी बेशकीमती जमीन को बचाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को कॉल करने पर उनके द्वारा रिसीव नहीं किया गया।

**इनका कहना है...**

*मैं अभी बोलती हूं तहसीलदार को।*
*अंकिता जैन, अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर*

# नवनियुक्त जिला महामंत्री का प्रथम आगमन पर किया स्वागत



**खिलचीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री देवीसिंह सोधिया, जिला कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई का शुक्रवार को खिलचीपुर आगमन पर भाजपा मंडल खिलचीपुर के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी के नेतृत्व में स्वागत किया । तहसील चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल के साथ जिला महामंत्री की आगवानी की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने साफा बांधकर एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री को गोदी में उठा लिया और जोश के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए वहीं इमली स्टैंड पर राधेश्याम दांगी द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता के निवास पर भी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का साफा बाधकर पुष्पहारों से स्वागत किया।

# भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया : अग्रवाल



**कुरावर।** समीप ग्राम माना में नवीन सामुदायिक भवन में शनिवार को 1 बजे प्रदेश में भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम पिछले दिनों लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह के एसआईआर पर संवाद को सुना गया। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने मौजूद भाजपा नेता कार्यकर्ता व पदाधिकारी को एसआईआर के संबंध में निर्देश दिए। वहीं उन्होंने पिछले दो सालों में हुए सरकार के विकास कार्यों के बारे में कहा कि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में इन दो सालों में विकास किया है। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, विद्यालय एवं मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्र वंचित थे वर्ष 2003 के बाद से भाजपा सरकार आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट मार्ग नालियां का निर्माण व विद्यालय खोले गए तो वहीं अब प्रदेश में भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन सामुदायिक भवनों का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्र के मांगलिक व अन्य आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान की है। मुक्तिधाम का निर्माण भी करवाया जा रहा है। 2003 से लेकर अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सड़कों का निर्माण हुआ है आवागमन सुगम बना है।

अभा परिचय सम्मेलन के लिए देशभर से 1150 युवक-युवतियों का पंजीयन

# मेड़तवाल समाज का 'जीवन साथी परिचय सम्मेलन' 27-28 दिसंबर को इंदौर में, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 27 व 28 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगा। श्री मेडतवाल वैश्य समाज, इंदौर के अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल ने बताया कि श्री मेड़तवाल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में छोटा बांगड़दा रोड, एयरपोर्ट के पास बाबाश्री गार्डन में स्व. इंद्रदेव आर्य परिसर में बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय विराट परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 27 दिसंबर को प्रातः 8 बजकर 30 बजे किया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक गोपाल भगत ने बताया कि परिचय सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों के लिये आवास, मंच, भोजन, यातायात, सुरक्षा, स्मारिका एवं पूछताछ समिति आदि की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को समाज के मांगलिक भवन एवं बाबाश्री गार्डन में ठहराने की व्यवस्था भी की गई है।

मेड़तवाल सोशल ग्रुप के महामंत्री एडवोकेट जगदीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में व्यवसाय करने वाले समाज के परिवारों के अतिरिक्त मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बैंगलूरू, पुणे, गुरूग्राम, जयपुर, भोपाल, कोटा व इंदौर आदि शहरों में स्टार्टअप बिजनेस, उच्च शिक्षा या जॉब करने वाले सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ भाग लेंगे। विदेशों में जॉब कर रहे समाज के युवक-युवती भी इस सम्मेलन में पहुंच रहे हैं। परिचय स्मारिका के संयोजक आर.एस.गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन में अब तक 1150 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इस आयोजन में एक विशेष मेल-मिलाप समिति बनाई गई है जिसके सदस्य दोनों पक्षों के बीच परस्पर संवाद करवाने में मदद करेंगे। 22 दिसंबर से 'जीवन साथी परिचय स्मारिका' वितरित कर दी जायेगी, जिससे बायोडेटा देखकर प्रतिभागी उम्र, शिक्षा, गौत्र, व्यवसाय, जॉब, वार्षिक आय आदि का आंकलन कर उपयुक्त जीवन साथी चुन सकेंगे।



### समाज में ही रिश्ता करने को प्राथमिकता

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज प्रन्यास, खैराबाद के निर्वाचित अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया, राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया एवं समिति के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु प्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि जीवन साथी परिचय सम्मेलन, इंदौर से समाज में गांव, कस्बों व शहरों में अच्छा व्यवसाय करने वाले परिवारों एवं जॉब करने वाले युवक-युवतियों को एक बड़ा मंच मिलेगा, जहां वे अपना परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के रिश्ते समाज में ही करने की अपील की है। समाज के प्रन्यास के निर्वाचित ट्रस्टी श्यामसुंदर सिंगी, विष्णुप्रसाद करोड़िया चाय वाले एवं हरिनारायण मुंजे ने कहा कि लंबे समय बाद इंदौर में आयोजित विराट दो दिवसीय परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के अविवाहित युवाओं में जबर्दस्त उत्साह है। समाज के युवा बिजनेस में तेजी से आगे बढ रहे हैं। कई परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटी, लॉ, सीए, प्रशासनिक व सरकारी सेवाओं में उच्च पदों पर जॉब करते हुये समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। अ.भा.नवयुवक संघ के अध्यक्ष सागर गोलू भंडारी एवं श्री फलौदी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता ने सभी विवाह योग्य युवक-युवतियों से अपील की कि वे इंदौर परिचय सम्मेलन में पहुंचकर समाज में ही जीवन साथी चुनने को प्राथमिकता दें।